NEWS NATION

दिल्ली पुलिस ने नकली ब्रांडेड जींस बनाने वाले रैकेट का किया भंडाफोड़, नारायणा में 4 जगह की छापेमारी

हजारों फर्जी टैग और पैकेजिंग मटेरियल बरामद

राजधानी दिल्ली में नकली ब्रांडेड कपड़ों के बड़े कारोबार का खुलासा हुआ है. दिल्ली पुलिस की वेस्ट डिस्ट्रिक्ट DIU टीम ने नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया में चल रहे फर्जी ब्रांडेड जींस बनाने के रैकेट का पर्दाफाश करते हुए एक साथ चार फैक्ट्रियों पर छापेमारी की. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने Levi's, Zara, Calvin Klein और Tommy Hilfiger जैसी नामी कंपनियों के नाम पर तैयार की जा रही 3400 से ज्यादा नकली जींस, हजारों फर्जी टैग और पैकेजिंग मटेरियल बरामद किया है.

नकली कपड़े असली ब्रांड

पुलिस के मुताबिक यह पूरा नेटवर्क लंबे समय से दिल्ली में सक्रिय था और यहां तैयार किए जा रहे नकली कपड़े अलग-अलग बाजारों में असली ब्रांड के नाम पर सप्लाई किए जा रहे थे. मामले में पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान की है जिनमें विपिन सरदाना, ऋषभ गर्ग, नीरज भंबरी और रवि प्रकाश शामिल हैं.

Source: https://www.newsnationtv.com/states/delhi-and-ncr/delhi-police-busts-fake-branded-jeans-racket-4-factories-raided-in-naraina-11838099